तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 18 दिसंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 जिपं सीईओ हरेश ने उमरदाह व कुरना...





14 जिपं सीईओ ने योजनाओं की समीक्षा बैठक में जानकारी ली




## खबर संक्षेप

### बेकाबू बाइक दुर्घटनाग्रस्त हादसे में दो की हुई मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत अंतागढ़ से डौण्डी की ओर आते समय बाइक सवार दो लोगो का मौत हो गया। बालोद जिला के ठेमा निवासी 50 वर्षीय शत्रुघन पटेल ने पुलिस को बताया कि 16 दिसंबर को मृतक 55 वर्षीय जोहर पटेल और 50 वर्षीय अशोक पटेल बाइक में सवार होकर अंतागढ़ से डौण्डी की ओर आ रहे थे। मोटर सायकल से चालक की नियंत्रण हट गया। दोनो जमीन पर गिर गए व गंभीर चोट आने की वजह से दोनो का मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### म्यार पर फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत युवक ने चूनरी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक 32 वर्षीय अनिल आंचले ने आत्महत्या किस कारणों से किया, यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। कोयलीबेड़ा निवासी 30 वर्षीय सुनील आंचले ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 12 दिसंबर को अज्ञात कारणों के चलते लकड़ी के म्यार मे चूनरी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## विवाद : परंपरा बनाम धार्मिक रीति-रिवाज पर विवाद गहराया

# बड़ेतेवड़ा में शव दफनाने में आदिवासी और धर्मांतरित समाज में खूब चले डंडे एवं लाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

आमाबेड़ा थानांतर्गत बड़े तेवड़ा में शव दफन का मामला गरमाते जा रहा है। शव दफन की बात को लेकर आदिवासी समाज और धर्मांतरित समाज दोनो आमने सामने हो गए। मामला इतना बिगड़ गया कि पुलिस बल तैनात होने के बावजुद दोनो समाज के लोग आपस में भीड़ गए और हाथ मुक्का के साथ लाठी-डंडा चलाने की भी नौबत आ गई। आदिवासी समाज अड़ा हुआ है कि दफन किए शव को निकाला जाए। गांव में गरमा गरमी का माहौल कल सुबह से बना हुआ है।

धर्मांतरित सरपंच के पिता के शव दफन का मामला 16 दिसंबर की सुबह से गरमाया हुआ है। अब मामला इतना बिगड़ गया है की पुलिस बल तैनात होने के बाद भी लाठी डंडा चलाया जा रहा है। ग्रामीणों का सीधा और साफ कहना है कि गांव में अंतिम संस्कार को लेकर वर्षों से चली आ रही सामाजिक परंपराएं और प्रशासनिक नियम हैं, जिनका इस मामले में पालन नहीं किया गया। गांव की सहमति के बिना शव को दफन करवा दिया। इससे न केवल सामाजिक सौहाद्र प्रभावित हुआ है, बल्कि गांव में तनाव और असंतोष भी फैल गया है। ग्रामीणों ने इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। ग्रामीण ने बताया कि गांव के सरपंच के पिता का देहांत होने के बाद उसके शव को सुबह लगभग 7 बजें दफनाया गया। सरपंच अपने मूल धर्म से बाहर होकर दूसरे धर्म को मानता है। देश में विशेष नियम है कि जिस भी धर्म का मानने वाला हो शव दफन के लिए एक निश्चित जगह दे दिया जाता है। अगर उससे बाहर चले जाते है तो लड़ाई झगड़ा व दंगा का रूप ले लेता है, गांव का सरपंच होने के नाते उसने दादागिरी दिखाई और गांव में ही अपने पिता के शव को दफनाया। उसके बाद गांव वाले एकत्रित होते है, शासन-प्रशासन और पुलिस भी आती है, चक्का जाम भी किया जाता है, शाम को 6 बजें पुलिस प्रशासन और तहसीलदार द्वारा बोल दिया जाता है कि 8 बजें कार्यवाई करेंगे, ऐसा बोलने पर ग्रामीण घर की ओर लौट जाते है। अगले दिन सुबह 11 बजें दफन किए जगह पर पहुंचे तब तक चबुतरा बन चुका था। इसका मतलब साफ है, कि मामले में पुलिस ने धर्मांतरित को संरक्षण दिया। तहसीलदार भी उसी समाज से आते है, तो उन्होने भी संरक्षण दिया, इससे हमारे आदिवासी समाज को आहत पहुंचा है, इस कारण आदिवासी समाज को सड़क पर उतरना पड़ा। आदिवासी समाज के लोगों का कहना है कि ▶▶ शेष पेज 12 पर

### खास बातें

- ग्रामीणों की सहमति के बिना शव को दफन करवा दिया
- अंतिम संस्कार उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार किया गया





### दोनों समाज में वर्चस्व की लड़ाई

बड़े तेवड़ा गांव में एक शव को दफन किए जाने को लेकर 16 दिसंबर की सुबह से ही विवाद की स्थिति बनी हुई है। आदिवासी समाज के लोगों का कहना है कि शव दफन की प्रक्रिया परंपरा और सामाजिक मान्यताओं के विपरीत की गई है। इसी कारण वे शव को दफन स्थल से निकालने की मांग पर अड़े हुए हैं। वहीं धर्मांतरित समाज के लोग अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार किए जाने की बात कह रहे हैं।

# सरोना इलाके में भालू की आमद-रफ्त से ग्रामीणों में दहशत, बच्चों की चिंता ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

तहसील सरोना ईलाके में इन दिनों भालू की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल बना हुआ है। बीती रात एक बार फिर भालू गांव के आस-पास और घरों के नजदीक देखा गया, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि भालू घर के अंदर घूस गया और रखे समानों को गिरा दिया, जिससे कॉफी नुकसान हुआ है। भालू का घरों में आना अब लगातार हो रहा है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार सरोना में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग रहते हैं। रात के समय भालू के अचानक गांव में घुस आने से लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। खासकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक बेहद चिंतित हैं। अंधेरे में यदि भालू किसी व्यक्ति या बच्चे के सामने आ जाए, तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है। यह पहली बार नहीं है, जब भालू गांव में आया हो। इससे पहले भी भालू की मौजूदगी से जुड़ी घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें लोगों को चोट लगने और फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रही है। इसके बावजूद अब तक कोई स्थाई समाधान नहीं हो पाया है।

- भालू घरों में घुस कर समानों को पहुंचाता है नुकसान



### हो सकते हैं गंभीर हादसे

ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभागों को इस समस्या से अवगत कराया था, लेकिन उस समय कोई ठोस कार्यवाई नहीं की गई। समय रहते कार्यवाई नही कि गई तो गंभीर हादसा हो सकता है। लोग समूह में ही बाहर निकलने को मजबूर हैं, वहीं कई परिवार अपने बच्चों को रात में बाहर जाने से पूरी तरह रोक रहे हैं। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में कोई बड़ी और दुखद घटना घट सकती है।

### ग्रामीणों ने मांग की

सरोना ग्रामवासियों ने वन विभाग और प्रशासन से मांग की है कि भालू को सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगल में छोड़ा जाए, ताकि गांव के लोग भयमुक्त होकर जीवन यापन कर सकें। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने की भी मांग की है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए जल्द आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि गांव में दोबारा सामान्य स्थिति बहाल हो सके और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकें।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम भीरागांव मेन रोड में मार्निंग वाक के लिए निकले व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना में पाया गया कि 12 अक्टूबर को सुबह साढ़े 6 बजें मृतक मार्निंग वॉक पर निकला था। अज्ञात मोटर सायकल चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे मृतक की मौत हो गई। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर व कर्मचारियों का अभाव, मरीज परेशान

**कोयलीबेड़ा।** ब्लॉक मुख्यालय कोयलीबेड़ा क्षेत्र के 18 पंचायत में 65 गांव आबादी लगभग 30000 के स्वास्थ्य सुविधा के लिए केवल एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है, जिसमें एमबीबीएस चिकित्सक केवल एक है, जिस पर 65 गांव के चिकित्सा की जिम्मेदारी एक डॉक्टर पर है। यहां पदस्थ दो डॉक्टर वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पर अन्य संस्थाओं में कार्यरत है, जिसमें डॉ अशोक सांभाकर सीएससी अंतागढ एवं डॉ सुब्रत मलिक सिविल हॉस्पिटल पखांजूर में सेवा दे रहे हैं। शासन एवं विभाग के द्वारा प्रतिनिधि के कारण डॉक्टरों की उपलब्धता यहां काम हो गई है, जिससे कार्य का भार अत्यधिक बढ़ गया है। मरीजों को समय पर उपचार मिलना कठिन होते जा रहा है, जिसका सीधा प्रभाव ग्रामीण अंचल से आए मरीजों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के साथ नर्सिंग ▶▶ शेष पेज 12 पर




हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



सुमीत बाजार™



समानता, एकता और भाईचारे का संदेश देने वाले, सतनाम पंथ के संस्थापक गुरु घासीदास जी की जयंती पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !

आज पेपर कटिंग लाने पर

बाजार मूल्य ₹ ~~999~~ प्रति पीस वाले

किंग साईज डबलबेड



साईज 108 x 108 किंग साईज

पॉलीकोट बेडशीट 1+2 सेट ₹333

1 डबलबेडशीट + 2 पिलो कव्हर की कीमत मात्र ₹333 में

*condition apply

ऑफर सिर्फ आज के लिये

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा.

5% CASHBACK* SBI card

*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.

ऊपर-नीचे रोड के पास, कांकेर

## खबर संक्षेप



### पॉलीटेक्निक प्लेसमेंट ड्राइव में 10 विद्यार्थियों का चयन

**कांकेर।** शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में रायपुर की निजी फर्म के द्वारा क्षेत्र के इंजीनियरिंग डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए हाइब्रिड मोड में राज्यस्तरीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव इंजीनियरिंग डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए था, जिसको अच्छा प्रतिसाद मिला। प्लेसमेंट ड्राइव के इंटरव्यू में मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के कुल 30 अभ्यर्थियों ने भाग लिया तथा कुल 10 अभ्यर्थी इसमें चयनित हुए। चयनित अभ्यर्थियों में अभिषेक कुमार मिश्रा, दीपचंद एक्का, सूरज साहू, सोमेश साहू, योगेश कुमार पटेल, आयुष नामदेव, यशपाल सिन्हा और टिकेश्वर शामिल हैं।

### एक दिनी प्लेसमेंट कैंप का 24 को

**कांकेर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 24 दिसम्बर को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 421 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने बताया कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सिक्युरिटी गार्ड के 300 पद, सिक्युरिटी सुपरवाइजर के 50 पद, वेल्डर के 05, फिटर के 02, ग्राइंडर मेन के 01, प्रिंटर पावर कटिंग के 01, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 01, फिल्ड ऑफिसर के 50 और कलेक्शन ऑफिसर के 10 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदक ई-रोजगार के पोर्टल पर भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से फोन के माध्यम से आवेदक को दी जाएगी।

### पालीटेक्निक अभ्यर्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव

**कांकेर।** शासकीय पालीटेक्निक कांकेर में कल्पतरू इंटरनेशनल प्रोजेक्ट लिमिटेड रायपुर के द्वारा अंचल के इंजीनियरिंग डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए हाइब्रिड मोड में राज्यस्तरीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव इंजीयिरिंग डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए था, जिसको अच्छा प्रतिसाद मिला। प्लेसमेंट ड्राइव के इंटरव्यू में मैकेनिकल इंजीर्नियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के कुल 30 अभ्यर्थियों नें भाग लिया तथा कुल 10 अभ्यर्थी इसमें चयनित हुए। चयनित अभ्यर्थियों में अभिषेक कुमार मिश्रा, दीपचंद एक्का, सूरज साहू, सोमेश साहू, योगेश कुमार पटेल, आयुष नामदेव, यशपाल सिन्हा और टिकेश्वर शमिल है। कल्पतरू इंटरनेशनल प्रोजेक्ट लिमिटेड एक निर्माण क्षेत्र की कम्पनी है, जो राजधानी रायपुर में विधुत टावर निर्माण का कार्य करती है।

### थर्ड जेंडर समुदाय के लिए कार्यशाला 19 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार द्वारा इस साल रजत वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा 19 दिसम्बर को तृतीय लिंग थर्ड जेंडर समुदाय के लिए कार्यशाला एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके तहत कलेक्टोरेट स्थित कंपोजिट बिल्डिंग के सभाकक्ष में सुबह 11.30 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण कर दिए निर्देश

**फरसगांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को फरसगांव विकासखंड के ग्राम बोरगांव में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां सुव्यवस्थित रखने के साथ बच्चों के दो ड्रेस की उपलब्धता, बच्चों के मनोरंजन के लिए टीवी एवं खेल सामग्रियों को नियमित गतिविधि और सुसज्जित आंगनबाड़ी केंद्र प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन करने हेतु कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया।

## खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव ने किया विभिन्न शालाओं का निरीक्षण

# प्राशा दोड़दे में शिक्षक उमेंद्र कुमार जनवरी से हैं अनुपस्थित, बीईओ को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल की शिक्षा व्यवस्था गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा शालाओं में संचालित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार डे एवं खंड स्त्रोत समन्वयक लतीप सोम द्वारा विकासखंड अंतर्गत विभिन्न शालाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्राथमिक शाला दोड़दे एवं प्रा व मा शाला पाउरखेड़ा का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला दोड़दे में ग्रामीणों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने खंड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया कि शाला में पदस्थ शिक्षक उमेंद्र कुमार बघेल जनवरी 2025 से लगातार अनुपस्थित हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पूर्व में भी संबंधित शिक्षक द्वारा कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरती जाती रही है, जिसके कारण विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उपस्थित ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों ने इस विषय में कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की। खंड शिक्षा अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तथ्यों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति का आकलन करते हुए कक्षा में पढ़ाई के स्तर, विद्यार्थियों की समझ एवं अधिगम स्तर की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य करने, विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अधिगम स्तर में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पाउरखेड़ा में किए जा रहे शाला भवन मरम्मत कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का अवलोकन किया। निरीक्षण उपरांत खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया तथा शिक्षकों को नवोदय, एकलव्य , राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा , प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# गरीब मजदूरों के लिए संजीवनी के समान थी मनरेगा : सुनाराम तेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



- राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना मनरेगा में संशोधन की प्रक्रिया का विरोध

मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के शासन काल में देश के ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 100 दिनों का रोजगार देने की गारंटी महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को मोदी सरकार खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए दो दशक पुरानी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना मनरेगा को निरस्त करके एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में विधायक लेकर आ रही है, जो भारत देश के ग्रामीण परिवारों के हित में नहीं है। जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनाराम तेता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा जैसे ग्रामीण परिवारों को रोजगार का गारंटी प्रदान करने वाले कानून में परिवर्तन करके ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों के रोजगार के अधिकार को छीन लिया है। यह योजना महज योजना नहीं बल्कि ग्रामीण परिवारों को रोजगार देने का कानून है जिसके बदलाव से अब यह खत्म हो जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जिस सरकार के शासनकाल में देश में सबसे अधिक बेरोजगारी दर हो उस सरकार ने रोजगार गारंटी जैसे कानून को परिवर्तन करके बेरोजगारी दर को और आगे बढ़ाने का काम करेगी, जिससे ग्रामीण जन बेरोजगारी झेलने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा कानून का नाम परिवर्तन करने तक मामला सीमित नहीं है। संप्रग सरकार ने इस कानून को तैयार किया था कि जब भी कोई ग्रामीण परिवार रोजगार की मांग करेगा उसे आवेदन के 15 दिनों में रोजगार उपलब्ध कराया जाता था अन्यथा उसे बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाता था, लेकिन मोदी सरकार ने अब वर्षा के दो माह रोजगार नहीं देने का नियम बनाया है। इसके पूर्व भी भाजपा के शासन काल में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे रमन सिंह ने पहले से ही नियम बना दिया था कि कृषि के मौसम में मनरेगा में रोजगार नहीं दिया जाता था।अब मोदी सरकार ने इसे पूरे देश में लागू कर रहा है इससे ग्रामीण मजदूरों की मजदूरी घटेगी। तथा उन्हें रोजगार के लिए भटकना पड़ेगा एवं कर्मचारी, अधिकारी भी प्रभावित होंगे। अध्यक्ष सुनाराम तेता ने मोदी सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि यह भाजपा सरकार सामंती और कॉर्पोरेट घरानों की सेवा करने पर तुली हुई है। गरीबों का किस तरह शोषण कर अमीर वर्ग को लाभान्वित किया जाए सिर्फ उसी रास्ते पर यह सरकार चल रही है। उन्होंने मोदी सरकार की इस नीति का कड़ी शब्दों से निंदा करते हुए कहा कि गरीबों की अधिकारों पर हमला करने वाली इस मोदी सरकार का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करेगी तथा जमींन की लड़ाई लड़ेगी।

## 3 विस क्षेत्रों में बीएलओ आज तक करेंगे सत्यापन, 94 प्रतिशत पूर्ण

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार प्रदेश में मतदाता सूची के सत्यापन के लिए 04 नवम्बर से विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का कार्य जारी है। इसी क्रम में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रांतर्गत मतदान केन्द्रों के लिए नियुक्त बीएलओ के द्वारा मतदाताओं के घरों में जाकर सत्यापन का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जो कि अब अंतिम चरण में है। यह कार्य गुरूवार 18 दिसम्बर तक चलेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार कुर्रे ने इस संबंध में बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले के अंतागढ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-79, भानुप्रतापपुर-80 और कांकेर-81 में बीएलओ द्वारा निर्वाचक गणना प्रपत्रों का वितरण कर मतदाताओं का डिजिटाइजेशन व सत्यापन का कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 05 लाख 69 हजार 601 मतदाता पंजीकृत है, इनमें से अब तक 05 लाख 35 हजार 250 यानी लगभग 94 प्रतिशत के मतदाताओं के घर-घर जाकर निर्वाचक गणना प्रपत्रों का वितरण एवं सत्यापन कार्य किया जा चुका है। इनमें अंतागढ़ विधानसभा अंतर्गत 01 लाख 66 हजार 835 मतदाता 92.52 प्रतिशत, भानुप्रतापपुर में 01 लाख 94 हजार 397 94.86 प्रतिशत और कांकेर विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 74 हजार 018 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी बीएलओ को 18 दिसम्बर तक सत्यापन का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।



# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कमान अरविंद को

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। इसी क्रम में कांकेर जिले की जिम्मेदारी अरविंद जैन को सौंपी गई। नियुक्ति की घोषणा के बाद भानुप्रतापपुर गृह मंडल में आतिशबाजी कर और फूलमालाओं से अरविंद जैन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने अरविंद जैन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेश चौहान, जिला महामंत्री राजा पांडे, मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, ज्वाला प्रसाद जैन, चैतुराम आंचला, संगीता टंडिया, शकुंतला यादव, ललित गांधी, संकेत नसीने, आकाश सोलंकी, गणेश पटेल, हिमांशु ठाकुर, अमन कुमार सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धान बेचकर मिली राशि से बोरवेल की तैयारी, किसान ने माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले के किसानों को अपने खून पसीने की कमाई से उत्पादित धान को बेचकर प्राप्त राशि से आर्थिक मजबूती मिल रही है, जिससे वे खेती किसानी को और बेहतर बनाने की योजना बना रहे हैं। विकासखंड के ग्राम पीढ़ापाल निवासी कृषक ईश्वर राम दुग्गा ने बताया कि उनके पास कुल 4 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें इस खरीफ सीजन में लगभग 57 क्विंटल धान की पैदावार हुई है। कृषक ईश्वर राम दुग्गा ने बताया कि उनके चार सदस्यीय परिवार में सास, पत्नी तथा तीन वर्ष का एक पुत्र शामिल है। उन्होंने कहा कि वे अपने बेटे को भविष्य में कृषि की पढ़ाई करवाना चाहते हैं, जिससे वह उन्नत तकनीक से खेती करना सीख सके और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन बढ़ा सके और किसानों को जागरूक कर सके। उन्होंने आगे बताया कि धान विक्रय से प्राप्त राशि से वे अपने खेत में बोर खनन बोरवेल करवाने की योजना बना रहे हैं, जिससे सिंचाई की सुविधा बेहतर होगी और फसल उत्पादन में वृद्धि होगी।

कृषक ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की इस पहल से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है और वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं।



### धान खरीदी केंद्र जुगानीकलार का किया औचक निरीक्षण

**फरसगांव।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को धान उपार्जन की पारदर्शी, सुचारू एवं परेशानी मुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को फरसगांव विकासखंड स्थित धान उपार्जन केंद्र जुगानीकलार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में चल रही धान खरीदी की स्थिति का जायजा लिया और शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान टोकन वितरण व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, डनेज व्यवस्था सहित धान की सुव्यवस्थित स्टैकिंग की जानकारी ली। उन्होंने समिति प्रबंधन को निर्देशित किया कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जाएं। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने धान बेचने आए किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव भी सुने। उन्होंने समिति के स्टाफ को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा न हो और शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही खरीदी की जाए।

## ग्रापं मर्दापाल में हुआ वृद्धजनों के सम्मान व सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद पंचायत कोण्डागांव के ग्राम पंचायत मर्दापाल में रजत महोत्सव के अवसर पर वृद्धजनों के सम्मान, सामाजिक सुरक्षा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कार्राम रहीं। विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य लुदरू प्रताप सिंह ठाकूर, रामनाथ नाग, श्रीमती रमशीला कार्राम, ग्राम पंचायत मर्दापाल की सरपंच श्रीमती जयन्ती कश्यप, बड़ेकरूषनार की सरपंच श्रीमती दौपती कश्यप, ग्राम जोड़ेगा के सरपंच उमेश कश्यप, उप सरपंच भेलकू राम बघेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

#### 95 वृद्धजनों का शाल-श्रीफल से सम्मान

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मर्दापाल के 95 वृद्धजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 15 श्रवण यंत्र, 80 छड़ियाँ एवं 01 बैसाखी का वितरण किया गया। पेंशनधारी वृद्धजनों के लिए कार्यक्रम स्थल पर ही डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्हें पेंशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

#### योजनाओं की जानकारी और नशामुक्ति का संदेश

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने वृद्धजनों को विभागीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण की अपील की गई।वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज के निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की अधिकारी श्रीमती ललिता लकड़ा सहित विभाग के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले में 15 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों से धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक कुल 14 लाख 60 हजार 395 क्विंटल धान की खरीदी संपन्न हो चुकी है, जिसमें 14 लाख 39 हजार 343 क्विंटल मोटा धान तथा 19 हजार 964 क्विंटल पतला और 01 हजार 87 क्विंटल सरना वैरायटी का धान सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि टोकन तुंहर हाथ एप के जरिए सभी किसानों को अब सप्ताह के सातों दिन और 24 घण्टे ऑनलाइन माध्यम से तथा उपार्जन केन्द्र में पहुंचकर टोकन प्राप्त करने की सुविधा प्रारंभ हो गई है। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 149 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं तथा धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए खरीदी केन्द्र प्रभारी तथा पर्यवेक्षण व निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है।

### कलेक्टर ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को कोंडागांव स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही सतत निगरानी व्यवस्था का भी अवलोकन किया और सुरक्षा मानकों के पालन पर संतोष व्यक्त किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अग्नि सुरक्षा फायर सेफ्टी से संबंधित व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं अद्यतन करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। निरीक्षण के समय विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया।

### भैंसगांव में जनसमस्या निवारण शिविर 19 को

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 19 दिसम्बर शुक्रवार को अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भैंसगांव, बैहासाल्हेभाट, फुलपाड़, कोलर, कोसरोण्डा, मंगतासाल्हेभाट, तालाबेड़ा, ताड़ोकी, बोंदानार इत्यादि ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जाएगा, साथ ही योजनाओं का लाभ उठाने में कोई कठिनाई आ रही हो तो उसका समाधान भी शिविर में किया जाएगा। कलेक्टर ने जनसमस्या निवारण शिविर में सभी जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### आंवरी में अस्पृश्यता निवारण सदभावना शिविर 19 को

**कांकेर।** नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 तथा अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 के प्रावधानों के क्रियान्वयन के तहत आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के तत्वावधान में अस्पृश्यता निवारणार्थ सदभावना शिविर का आयोजन आगामी 19 दिसम्बर को चारामा विकासखण्ड के ग्राम आंवरी में किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि उक्त शिविर दोपहर 02 बजे से आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग उपस्थित रहेंगे तथा अध्यक्षता भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, छग हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अध्यक्ष जिला पंचायत सहित जिला पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगरीय निकायों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, पंथी नृत्य, विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण तथा मुख्य वक्ताओं के द्वारा उद्बोधन भी दिया जाएगा।

## खेल प्रतियोगिता में 2000 से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

# भूमका में चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बाल स्पर्धा का हुआ शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



ब्लाक के ग्राम भूमका में ब्लॉक स्तरीय चार दिवसीय बाल क्रीड़ा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसका का शुभारम्भ बुधवार को विशिष्ट अतिथि संतराम नेताम पूर्व विधायक केशकाल और जिपं सदस्य जयलाल नाग, जपं सदस्य रेवती लोकनाथ निषाद, विक्की दास व अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामभरोस कुंवर सरपंच और जानकी बाई तिवारी उप सरपंच भूमका ने किया। यह चार दिवशीय खेल प्रतियोगिता 17 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक चलेगा। जिसमें फरसगांव ब्लॉक से 16 जोन के हिर्री, भंडारसिवनी , आलोर , जैतपुरी , मांझीआठगांव , सोड़मा, बड़ेडोंगर , कोटपाड, फरसगांव , चिंगनार, कोनगुड, मोडेंगा, देवगांव, उरंदाबेड़ा , चरकई , बड़ेओडागांव के 2000 से अधिक खिलाड़ी अपने अपनी खेल प्रतिभा दिखाने शामिल हुए है, जिनके देखरेख की जिम्मेदारी 200 से अधिक शिक्षकों कों दी गई है. भूमका में चल रहे चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होने आये सभी खिलाड़ीयों व शिक्षकों के खाने और रहने की व्यवस्था ग्रामवासियों के द्वारा किया गया है. प्राथमिक वर्ग और माध्यमिक वर्ग के बच्चे के लिये यह प्रतियोगिता आयोजित की गई है। टूर्नामेंट में कब्बडी, खो-खो, बॉलीबाल, दौड़, ऊँची कुद, लम्बी कूद, दौड़, रिले रेस, समेत विभिन्न प्रकार के खेल खेले जाएंगे।

#### सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें: नेताम

इस दौरान विशिष्ट अतिथि संतराम नेताम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें और जीत-हार को महत्व न दें। उन्होंने कहा कि खेल का उद्देश्य अनुभव प्राप्त करना और मित्रता बढ़ाना है, न कि सिर्फ जीतना। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने खेल में मेहनत करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ गायता, पुजारी , पटेल उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम भूमका गाँव के समस्त युवा संगठन सहित ग्रामवासी भरपूर सहयोग दे रहे हैं ।

पेज 11 के शेष...

### बड़ेतेवड़ा में शव...

जिस प्रकार शव को दफन किया गया है, वह गांव की परंपराओं और सामाजिक मान्यताओं के विपरीत है। उनका आरोप है कि बिना समाज की सहमति और परंपरागत रीति-रिवाजों का पालन किए शव को दफन कर दिया गया, जिसे वे स्वीकार नहीं कर सकते। इसी कारण आदिवासी समाज के लोग दफन स्थल से शव को बाहर निकालकर परंपरानुसार अंतिम संस्कार किए जाने की मांग पर अड़े हुए हैं। वहीं, धर्मांतरित समाज के लोगों का कहना है कि अंतिम संस्कार उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार किया गया है और इसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं है। उनका तर्क है कि उन्हें अपने धर्म के अनुसार अंतिम संस्कार करने का अधिकार है और वे उसी पर अडिग हैं। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने से स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासनिक अधिकारी भी गांव पहुंचकर दोनों समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे हैं और मामले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ...

स्टाफ, फार्मासिस्ट लैब, टेक्निशियन पैरामेडिकल, कर्मचारियों का भी भारी अभाव है। सीएचसी के मानक अनुरूप यहां स्टाफ नहीं है। क्षेत्र के 18 पंचायत के सरपंचों ने कलेक्टर को पत्र शॉप पर शीघ्र ही कोयलीबेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों सहित सभी स्टाफ की शीघ्र पदस्थापना किए जाने की मांग की है।

# सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

# हरिभूमि

## रायपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



हरिभूमि समाचार पत्र के 24 वर्षों की विश्वासपूर्ण पत्रकारिता और उज्ज्वल भविष्य की ओरपत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम ही नहीं होती, बल्कि यह समाज का दर्पण, लोकतंत्र की रीढ़ और जन-जन की आवाज़ होती है! ऐसे में हरिभूमि समाचार पत्र का 24 वर्ष पूर्ण करना केवल एक संस्थान की वर्षगांठ नहीं, बल्कि प्रतिबद्ध, निर्भीक और जनोन्मुख पत्रकारिता की एक सशक्त यात्रा का उत्सव है! हरिभूमि समाचार पत्र अपने रजत जयंती वर्ष के राह पर निकल चली है! 24 वर्ष पूर्व जिस उद्देश्य, विश्वास और संकल्प के साने अपने कदम बढ़ाए, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और मजबूत दिखाई देता है!इन वर्षों में हरिभूमि समाचार पत्र ने समय के साथ स्वयं को बदला, तकनीक को अपनाया, पाठकों की अपेक्षाओं को समझा और अपनी पत्रकारिता की धार को लगातार तेज किया, तारीफ़ के काबिल है! यही कारण है कि आज हरिभूमि केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि करोड़ों पाठकों का भरोसा भी बन चुका है! हरिभूमि की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और साहसिक लेखनी रही है, साथ ही साथ जब-जब समाज को सच की आवश्यकता पड़ी, तब-तब इस अखबार ने बिना किसी दबाव के सच्चाई को सामने रखा जैसे कि ग्रामीण मुद्दों से लेकर शहरी समस्याओं तक, राजनीति से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और खेल तक का सफ़र हरिभूमि ने हर वर्ग और हर विषय को समान महत्व दिया है !यही समावेशी दृष्टिकोण इसे अन्य समाचार माध्यमों से अलग पहचान देता है! आज के दौर में, जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से जूझ रही है, फेक न्यूज़, टीआरपी की होड़, डिजिटल दबाव ऐसे समय में हरिभूमि का 24 वर्षों तक अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशंसनीय ही नहीं, प्रेरणादायक भी है!यह सफलता संपादकीय टीम, संवाददाताओं, कर्मचारियों और प्रबंधन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाया वो सम्मान के हकदार भी हैं।

### सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण



**श्री सतीश लाटिया**
प्रदेश उपाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी (छ.ग.)

हरिभूमि समाचार पत्र एक ऐसा अखबार है जो सभी धर्म-संप्रदाय के हक में अपने विचार रखता है, हरिभूमि जन साधारण के पास जाकर, उनसे उनकी समस्याओं के बारे में लोगो की समस्याए सुनकर समस्याओं के निवारण करते है।

### त्वरित टिप्पणी का जवाब नहीं



**श्री राजा पाण्डेय**
जिला महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी, कांकेर

जैसा नाम, वैसा ही काम त्वरित टिप्पणी के प्रकाशन होते ही शासन-प्रसासन का तत्काल कार्यवाही होना देखने को मिलता है। त्वरित टिप्पणी में हमेशा सच्ची खबरों को प्रकाशित किया जाना यह हरिभूमि अखबार का दात्यिव व कर्त्तव्य होता है।

### स्वास्थ्य का खजाना, सेहत



**श्री देवेन्द्र टेकाम**
सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8
जिला पंचायत कांकेर

शारीरिक स्वास्थ्य शरीर की स्तिथि को दर्शाता है। हरिभूमि अपने सेहत प्ररिशिष्ठ के माध्यम से शरीर की संरचना, विकास, कार्यप्रणाली और रखरखाव आदि शामिल होता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी पाठकों को दी जाती है।

### हमारी ज़िन्दगी का हिस्सा हरिभूमि



**श्री डॉ. देवेन्द्र कुमार साहू**
अध्यक्ष - जनभागीदारी शा.हा.से. स्कूल सिदेसर, जिला कार्य समिति सदस्य, भाजपा एवं जिला महासचिव तुलसी मानस प्रतिष्ठान, जिला कांकेर

अखबार का महत्व समझने के लिए आपको खुद का महत्व समझना होगा। क्योंकि जब सारे हथियार बेअसर हो जाते हैं तो अखबार ही काम आता है। ठीक उसी तरह हरिभूमि अखबार हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है।

### जब खबर से पोल है खुलती



**श्री टिकेश्वर सिन्हा**
अध्यक्ष
भाजपा मंडल, सरोना

जब खबर से पोल खुलती है, तभी सच्ची खबर हमें पढने को मिलती है, हरिभूमि ने अपने 23 वर्षो की मेहनत से हमेशा सच्चाई ही प्रकट किया है। इसी वजह से ही पाठकों ने हमें बहुत प्यार एवं विश्वास के साथ हमेशा छ.ग. का नं. 1 अखबार बना दिया।

### प्रदेश को नई पहचान दी



**श्री कमलेश उसेंडी**
अध्यक्ष
भाजपा मंडल ग्रामीण, कांकेर

हरिभूमि के शुरूआत से ही राज्य के विकास में हरिभूमि का विशेष योगदान रहा, समाचार के माध्यम से जन-जन की आवाज़ को समय-समय पर बुलंद करके शासन, प्रसाशन व जनता की आवाज बनता गया। प्रदेश को नई पहचान देने में योगदान रहा।

### सबसे सस्ता, सब से अच्छा



**श्री डाकेश साहू**
अध्यक्ष
भाजपा मंडल, धनेलीकन्हार

हरिभूमि प्रारम्भ समय में एक रूपये का अखबार आपने पाठकों को सही दाम और सच्ची खबरों के साथ अपने पाठकों के हर घर का सबसे प्रिय अखबार बनता गया, और आज छत्तीसगढ़ का सबसे बड़े अखबार के रूप में हमारे पाठकों ने हमें यह स्थान दिया।

### समाचारों की कसावट हेतु प्रतिबद्ध



**श्री संतोष भास्कर**
अध्यक्ष
भाजपा मंडल, नरहरपुर

भले ही आज का इन्टरनेट युग है मगर समाचार पत्रों एवं अखबारें ने अपनी उपयोगिता को अभी तक बनाए रखा हैं, सस्ती कीमत तथा टिकाऊ खबरों के स्रोत समाचार पत्र का महत्व आज भी उतना ही है जितना किसी समय हुआ करता था, हरिभूमि अपने समाचारों हेतु प्रतिबद्ध रहता है।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक, बाल भूमि



**श्री अजय बाछर**
अध्यक्ष
भाजपा मंडल, कापसी

प्रत्येक बच्चे के पास उत्प्रेरणा, शिक्षा, खेल – कूद मनोरंजन और क्रियाकलापों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और संवेदनात्मक विकास का अधिकार है, उसी को देखते हुए हरिभूमि ने बच्चों के लिए बाल भूमि परिशिष्ठ प्रकाशित किया जिससे बच्चों के सर्वागींण विकास हो सकें।

### नित नये आयाम गढ़ते गया



**श्री हरपाल सिंह**
अध्यक्ष
क्रांतिकारी विचार मंच

हरिभूमि के स्थापना दिवस के समय पर ही प्रदेश का ही गठन हाल ही में हुआ था उस समय से आज तक जैसे राज्य प्रगति पथ पर अग्रसर रहा उसी तरह मेरा प्रिय अखबार हरिभूमि नित नये आयाम गढ़ते

**खबर संक्षेप**

### भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने आलोक ने की भेंट



कांकेर। केंद्रीय कार्यालय भारतीय जनता पार्टी नई दिल्ली में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक ढाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नियुक्ति पक्ष पर सौजन्य मुलाकात कर बधाई व शुभकामनाएं संप्रेषित किया।

### युवक ने की खुदकुशी जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 25 वर्षीय राकेश उसेंडी ने 15 दिसंबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पत्थर्री निवासी 50 वर्षीय रामलाल कुंजाम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अपने घर कमरा के म्यार में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान युवक का मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** जिला अस्पताल में इलाज के दौरान 36 वर्षीय योगेश कुमार का 14 नवंबर को मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक का इलाज के दौरान मौत हो गया। कोरर पुलिस द्वारा असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

निर्माण प्रक्रिया, गुणवत्ता, साफ-सफाई और महिला समूहों की सहभागिता का जायजा लिया

# जिपं सीईओ हरेश ने उमरदाह व कुरना महिला समूहों के कार्यों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



जनपद पंचायत नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरदाह स्थित महतारी वंदन संदन भवन एवं ग्राम पंचायत कुरना में महिला समूहों द्वारा किए जा रहे निरामा निर्माण कार्य का निरीक्षण करने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर निर्माण प्रक्रिया, गुणवत्ता, साफ-सफाई और महिला समूहों की सहभागिता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने महिला समूहों से बातचीत कर निरामा निर्माण की विधि, उपयोग में लाई जा रही सामग्री, उत्पादन क्षमता और इससे होने वाली आय के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निरामा निर्माण जैसे कार्य महिला स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल महिलाओं को रोजगार मिल रहा है, बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ग्राम पंचायत उमरदाह के महतारी वंदन संदन भवन में महिला समूहों द्वारा निरामा निर्माण कार्य पूरी लगन और मेहनत से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान महिलाओं ने बताया कि इस कार्य से उन्हें नियमित आय का साधन मिल रहा है, जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर पा रही हैं। महिलाओं ने यह भी बताया कि पहले वे घर तक सीमित थीं, लेकिन अब समूह से जुड़कर आत्मविश्वास के साथ कार्य कर रही हैं। ग्राम पंचायत कुरना में भी महिला समूहों द्वारा निरामा निर्माण कार्य व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। यहां महिलाओं ने सामूहिक रूप से कार्य विभाजन कर उत्पादन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया है। जिला पंचायत सीईओ ने इस कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि इसी तरह गुणवत्ता बनाए रखी जाए, तो भविष्य में इस कार्य को और अधिक विस्तार दिया जा सकता है। इस अवसर पर जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीआर सुखदेव ने महिला समूहों को शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी और निरामा निर्माण को निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि महिला समूहों के प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं, जो गांवों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के अंत में जिला पंचायत सीईओ ने महिला समूहों को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि महिला समूहों के उत्पादों को बाजार से जोड़ने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे, जिससे महिलाओं की आय में और अधिक वृद्धि हो सके।

## जिपं सीईओ ने योजनाओं की समीक्षा बैठक में जानकारी ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

जिले में संचालित शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी द्वारा जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक लेकर किया गया। समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत एक ब्लॉक, एक गतिविधि के तहत समस्त विकासखण्ड में पोटेंशियल आजीविका गतिविधि कर बड़े स्तर में समूहों गतिविधि में जोड जान निर्देशित किया गया।

एक ब्लॉक, एक गतिविधि में अंतागढ़ में इमली संग्रहण, नरहरपुर में वाशिंग पाउडर, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में हल्दी की खेती, दुर्गुकोंदल विकासखण्ड में जिमीकन्द, चारामा विकासखण्ड में मासाला प्रोसेसिंग, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में सरसों की खेती एवं कांकेर ब्लॉक में गेंदा फूल की गतिविधि किए जा रहा है, जिसमें कांकेर विकासखण्ड में 56 महिलाओं द्वारा 4075 किग्रा में गेंदा फूल की खेती कर विक्रय कर 1,68,379 रूपए की आय की गई। इसी प्रकार सरसो की खेती सभी विकासखण्डों में लाख उत्पादन, जिमीकांदा की खेती, वाशिंग पाउडर, मसाला निमाण का कार्य कर महिलाओं को उद्यमों के रूप में तैयार कर लखपती दीदी बनाए जाने पर कार्ययोजना बनाया गया। जिला पंचायत के सीईओ द्वारा समस्त जनपद सीईओ एवं समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगण को कार्यों को गंभीरता से करने एवं समय-सीमा से दिये गए लक्ष्यों को पूर्ण करने निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, जनपद पंचायर्ता के कर्मचारीगण उपस्थिति रहे।




## स्वच्छता और हरियाली के लिए प्राशा साधुमिचगांव को 4 स्टार

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत संकुल केंद्र सुरूंगदोह 01 की जनपद प्राथमिक शाला साधुमिचगांव ने स्वच्छ एवं हरित विद्यालय मूल्यांकन 2025–26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 स्टार रेटिंग प्राप्त की है। यह उपलब्धि विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्वच्छता, हरित वातावरण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों का परिणाम है।

विद्यालय में स्वच्छ परिसर, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन तथा विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने के लिए किए गए नवाचारों को मूल्यांकन में विशेष रूप से सराहा गया। इसी क्रम में प्राप्त रेटिंग के भौतिक सत्यापन के लिए मंगलवार को बीजापुर जिले से जिला मिशन समन्वयक एवं उनके सहयोगी विद्यालय पहुंचे। निरीक्षण दल ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस उपलब्धि से विद्यालय, संकुल पर हर्ष का मौहल है। इस अवसर पर एपीसी दिनेश नाग, संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर, प्रधान पाठक सोमसिंह नरेटी, शिक्षक नीरेंद्र भवसार, किशोर विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे।

## दो बाइक की टक्कर हुई, एक युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर थानांतर्गत दमकसा चौकी क्षेत्र के बरहेली के पास दो बाइक के बीच हुई भीड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के पिता ने चौकी दमकसा में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

चौकी दमकसा में शिकायत करने पहुंचे ईरागांव निवासी 55 वर्षीय सुकालू राम खवास पिता खसकू ने पुलिस को बताया कि 2 दिसंबर को सुबह लगभग 9 बजें मेरा बेटा शत्रुघन खवास घर से दमकसा मंडी जाने के लिए अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीके 8375 से निकला था। बरहेली तालाब के पास मेन रोड सड़क पर सामने से आ रही मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 एमबी 6676 के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे बेटे के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वह सड़क पर मोटर सायकल सहित गिर गया। गिरने से बेटा के सीना एवं सिर में चोट आया। घायल को भानुप्रतापपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। बेटा का स्वास्थ्य ठीक नही है, इलाज अभी भी जारी है।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी सीजी 19 बीएम 6676 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## आमाकड़ा में विद्यालय नवीन भवन व कृषि पाठ्यक्रम शुरू करने कलेक्टर से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल




विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शाउमावि आमाकड़ा में स्कूल भवन निर्माण एवं कृषि संकाय खोले जाने की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जनपद सदस्य पीलम नरेटी, ग्राम पंचायत आमाकड़ा की सरपंच चंद्रिका नेताम, ग्राम पंचायत चिहरो के मीनादुगा सरपंच तथा ग्राम पंचायत राऊरवाही के सरपंच के संयुक्त नेतृत्व में यह मांग रखी गई।

ज्ञापन में बताया गया कि आमाकड़ा का उन्नयन वर्ष 2013 में किया गया था, किंतु आज तक विद्यालय के लिए पृथक हायर सेकेंडरी भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। वर्तमान में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कुल आठ कक्षाएं माध्यमिक शाला भवन के अतिरिक्त कक्षों एवं हाई स्कूल के अतिरिक्त कक्षों में संचालित की जा रही हैं। कक्षों की भारी कमी के कारण विद्यार्थियों को जर्जर एवं अव्यवस्थित भवनों में अध्ययन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। विद्यालय में विज्ञान संकाय संचालित है, परंतु प्रयोगशाला कक्षों का अभाव गंभीर समस्या बना हुआ है। भौतिकी, रसायन एवं जीवविज्ञान जैसे तीनों विषयों के लिए पृथक प्रयोगशालाओं की आवश्यकता है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि प्रयोगशाला सुविधा न होने से विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि दुर्गुकोंदल विकासखंड में वर्तमान में एक भी कृषि विज्ञान संकाय संचालित विद्यालय नहीं है। शाउमावि आमाकड़ा परिसर में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, जहां कृषि संकाय आसानी से प्रारंभ किया जा सकता है, जिससे विकासखंड के विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा के लिए अन्य स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा। अंत में जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से सहृदयता पूर्वक मांगों पर विचार करते हुए नवीन हायर सेकेंडरी भवन निर्माण एवं कृषि संकाय खोलने की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया।




## मुफ्त खाना मांगने पर टंगिया से किया जानलेवा हमला, आरोपी रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



दुर्गुकोंदल थाना क्षेत्र में मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जहां फ्री में खाना मांगने को लेकर एक व्यक्ति ने टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया। घटना की शिकायत दुर्गुकोंदल थाना में दर्ज कराई गई। पुलिस ने 24 घंटा के अंदर आरोपी को पकड़ा और रिमाण्ड पर जेल भेजा। दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंचे खुटगांव निवासी 51 वर्षीय नील सिंह गायकवाड़ पिता स्व. रूंगूराम गायकवाड़ ने पुलिस को बताया कि मजदूरी का काम करता हूं और 16 दिसंबर को शाम करीबन 7 बजें अपने दोस्त संजय गिरी गोस्वामी के साथ दुर्गुकोंदल निवासी अशोक जैन के पास घर खाना खाने गए थे। अशोक जैन के घर पहुंचे, वहां संजय गिरी गोस्वामी ने खाना मांगा। खाना मांगने पर आरोपी ने तुम्हारे बाप का लग रहा हूं, जो तुम्हें खाना खिलाउंगा कहते हुए, गाली देने लगा। फ्री में खाना मांगने चले आए हो, तुम्हारे बाप का लग रहा हूं क्या, कहकर गुस्से में आकर जान से मार दुंगा कहते हुए हत्या करने की नीयत से अपने घर में रखे टंगिया से संजय के सिर में मारा। टंगिया के हमला से संजय के सिर में चोंट आया। तुरंत मैने बीच बचाव किया, नहीं तो अशोक जैन द्वारा संजय को टंगिया से मारकर उसकी हत्या कर देता। शिकायत पर पुलिस ने थाना चारामा अंतर्गत सराधुनवागांव निवासी 49 वर्षीय अशोक जैन पिता स्व. सेवकराम हाल निवास बाजारपारा दुर्गुकोंदल के खिलाफ धारा 109, 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपी सराधुनवागांव निवासी अशोक जैन को बाजारपारा दुर्गुकोंदल में पकड़ा। घटना के बारे में पूछने पर अपराध घटित करना कबुल किया। आरोपी अशोक जैन से हमले में उपयोग किए टंगिया को जप्त किया गया और 17 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।




## पीएम आवास हितग्राहियों को 542 लाख का अनुदान मिला



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य लगातार प्रगति पर है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शी भुगतान प्रणाली के माध्यम से अब तक कुल 240 हितग्राहियों को रुपये 542.04 लाख की अनुदान राशि का भुगतान सफलता पूर्वक किया जा चुका है। यह राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी प्रणाली के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा आगामी चरण में कुल 19 अतिरिक्त हितग्राहियों को अनुदान राशि का भुगतान किए जाने के लिए संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी डीडीओ कार्यालय में बिल प्रेषित कर दिया गया है। आवश्यक प्रक्रियाओं के पूर्ण होते ही इन हितग्राहियों को भी शीघ्र भुगतान किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत प्रथम चरण तथा प्रधानमंत्री आवाज योजना 2.0 के तहत निर्माणाधीन सभी आवासों में नियमानुसार निर्माण प्रगति होने पर, जैसे-जैसे नींव, लिंटल, छत एवं पूर्णता स्तर पर कार्य पूर्ण होगाए उसी अनुरूप शत-प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।